हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

11 पालिका कर्मियों ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन मांगों को...



12 पुस्तकें विचारों व कल्पनाओं को नई उड़ान देती ...



## खबर संक्षेप

### व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सिरसा।** जिला के गांव दड़बी निवासी पेंटर का कार्य करने वाले बलवीर सिंह ने बीती शाम को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर डिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। मृतक के चचेरे भाई मनप्रीत सिंह ने बताया कि मृतक 44 वर्षीय बलबीर सिंह पेंटर का काम करता था। बीती शाम को वह अपने घर दड़बी में ही था। शाम को खाना खाने के बाद बलबीर सो गया।

### कार की टक्कर से तीन घालय, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां के गांव मेहूवाला के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार दो महिलाएं व चालक घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा बस्ती, आदमपुर मण्डी निवासी बोगा राम ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी पत्नी बिमला देवी एवं बहन सोमा उर्फ ओमली के साथ डिंग मण्डी, सिरसा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आदमपुर मण्डी वापस आ रहे थे। तभी हादसा हो गया।

### नकाबपोश युवकों ने किया दुकान में चोरी का प्रयास

**फतेहाबाद।** नकाबपोश युवकों द्वारा सुंदर नगर में एक दुकान में चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पंहुच गई और केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जगजीवनपुरा निवासी विजय कुमार ने कहा है कि उसकी सुंदर नगर में बाबा आटा चक्की वाली गली में न्यू डेली नीड्स नामक से दुकान है। गत दिवस शाम को दो युवक अपना चेहरा ढक कर आए और उसकी दुकान में चोरी करने की नीयत से दुकान के ताले तोडक़र दुकान के शट्टर को राड से उठाने की कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए।

### पशु चोरी मामले में दो युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने पशु चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान विक्की उर्फ रवि पुत्र खजांची व सुलतान उर्फ सलमान पुत्र शमशेर सिंह निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, राजनगर टोहाना के रूप में हुई है। दोनों को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 दिसंबर 2024 को गांव बोस्ती निवासी आशा राम की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सुअर पालन का काम करता है।

## जिलेभर में हो रहा प्रदर्शन, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# पहलगाम हमले के विरोध में दुकानदारों ने बाजार किया बंद, कड़ी कार्रवाई की मांग

*जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की गोली मारकर हत्या करने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में केन्द्र सरकार सख्त और निर्णायक एक्शन लेते हुए दोषियों को चुन-चुनकर कर खत्म करे। आज पूरा देश इस मामले में सरकार के साथ खड़ा है: मुकेश प्रजापति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिले में हर तरफ विरोध हो रहा है। हर वर्ग के लोगों में इस घटना के बाद जबरदस्त गुस्सा है और लोगों ने केन्द्र सरकार से हमले के लिए दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फतेहाबाद पहुंचे राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस घटना को अमानवीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस मामले को लेकर भारत सरकार बेहद गंभीर है। प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि इस घटना के जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

दूसरी ओर इस घटना के विरोध में जिले के शहर टोहाना में रेलवे रोड स्थित नेहरू मार्केट के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी। दुकानदारों ने इकट्ठा होकर हमले में मारे गए लोगों को नाम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मार्किट के प्रधान सुरेंद्र जैन के नेतृत्व में दुकानदारों ने धरना दिया। इस दौरान पाकिस्तान विरोधी नारे भी लगाए गए। डॉ. शिव सचदेवा ने कहा कि पहलगांव में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या एक कायराना हरकत है।

**खास बातें**

- राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस घटना को अमानवीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस मामले को लेकर भारत सरकार बेहद गंभीर है।



### प्रधानमंत्री विदेश यात्रा छोड़ पहुंचे जम्मू-कश्मीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा बीच में छोड़ दी है। गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर पहुंच गए हैं। इससे लगता है कि कोई बड़ी कार्रवाई हो सकती है। दुकानदारों का कहना है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, इसलिए उसे उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की सीमा में आतंकी भेजकर ऐसी हरकत कर रहा है, ताकि वहां का पर्यटन और व्यापार भी प्रभावित हो। भारत एक अमन शांति वाला देश है, जो कभी ऐसी हरकत नहीं करता है और ऐसे करने वालों को बर्दाश्त भी नहीं करेगा। ऐसे लोगों को उन्हीं की भाषा में भारत सरकार पहले की तरह मुंहतोड़ जवाब देगी, ताकि दोबारा ऐसी हरकत न हो।

### दोषियों पर ले कड़ा एक्शन पूरे देश सरकार के साथ : मुकेश प्रजापति

**फतेहाबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की गोली मारकर हत्या करने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में केन्द्र सरकार सख्त और निर्णायक एक्शन लेते हुए दोषियों को चुन-चुनकर कर खत्म करे। आज पूरा देश इस मामले में सरकार के साथ खड़ा है। यह बात युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने इसे भारत के सम्मान और स्वाभिमान पर सीधा हमला करार दिया और कहा कि इस



हमले में हमारे देशवासियों की जिस तरह से निर्मम हत्या की गई, वह केवल एक आतंकी घटना नहीं, बल्कि भारत विरोधी ताकतों की एक गहरी साजिश है। उन्होंने कहा कि यह हमला भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों को चुनौती देने की कोशिश है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से सभी देशवासियों का खून खौल रहा है। हर देशवासी आज सरकार से इसका कड़ा जवाब देने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है।

### ऐसे हमलों से देश में संप्रदायिकता फैलाने की कोशिश : ढकरवाल

**भूना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फतेहाबाद के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय भूना में विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया गया। एबीवीपी के जिला संयोजक बलविन्द्र ढकरवाल ने बताया कि परिषद ने देशभर में इस हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों से देश में संप्रदायिकता फैलाने की कोशिश हो रही है। विदेशी ताकतें भारत की बढ़ती ताकत को सहन नहीं कर पा रहीं। इसी कारण ऐसे हमले करवाए जा रहे हैं। आतंकवाद देश को अंदर से खोखला कर रहा है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। अगर इस पर सख्त कानून नहीं बने तो हालात और बिगड़ सकते हैं। इकाई अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि नाम पूछकर हमला करना कायरता है। यह देश का माहौल बिगाडऩे की साजिश है। उन्होंने कहा कि अगर आने वाली पीढ़ियों को इस दलदल से निकालना है तो सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। प्रदर्शन के दौरान सविता, शीतल, रितु, बजीर, शिव, रोहित, अमरजीत, मोहम्मद कैफ, विकास, प्रियंका, रमन, सुमन, नेहा, नीरज, जैस्मिन, प्रीती सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- आतंकवाद देश को अंदर से खोखला कर रहा, यह आने वाली पीढिय़ों के लिए अभिशाप बनता जा रहा, अगर इस पर सख्त कानून नहीं बने तो हालात और बिगड़ सकते है

*श्री गोशाला में शोक सभा आयोजित*

## विभिन्न संगठनों ने जताया शोक दो मिनट का मौन रख की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

विभिन्न संगठनों की ओर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों ने निंदा करते हुए मारे गए सभी लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री गौशाला में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें स्कूल कैडर लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा सलाह के स्टेट चेयरमैन गुरदीप सैनी, जिला सिरसा के संयोजक शमशेर शर्मा, बाबा सरसाई नाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा के मु य संरक्षक राजेंद्र कुमार रातूसरिया, महासचिव प्रेम कंदोई, अनिल सैनी, सत्यवान गौतम, हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता, महासचिव अजीत सिंह रंगा, उप प्रधान कृष्णा देवी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगाला के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश मल्होत्रा ने दो मिनट का मौन धारण कर पवित्र आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।



**सिरसा।** सनातन धर्म पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी अध्यक्ष कीर्ति गर्ग ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हिंसक हमले की घटना की निंदा करते हुए मारे गए सभी लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गर्ग ने कहा कि यह हमला पहलगाम पर ही नहीं, यह हमला हिंदुस्तान पर हुआ है। इसलिए सरकार को इस हमले को लेकर सोचना होगा और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए त्वरित निर्णय लेकर ठोस कदम उठाने होंगे। विप्र सेना से रामानंद शास्त्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने सैलानियों पर जो हमला किया, वह अमानवीय है। धर्म पूछ-पूछ कर हिंदुओं को मारा गया। उन्होंने कहा कि जो नेता वक्फ बोर्ड कानून पर सबसे ज्यादा

*राज्यसभा सांसद ने बताया कायराना हरकत*

## आतंकी हमले के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे : कार्तिकेय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को अमानवीय व दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों की इस कायरना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साफ कह चुके हैं कि इस घटना के दोषियों को किसी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। सांसद कार्तिकेय शर्मा बुधवार को फतेहाबाद की ब्राह्मण धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक को संबोधित किया और कहा कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह 27 अप्रैल को पंचकूला के ताऊ देवी लाल



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा।

स्टेडियम में मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने उपस्थित समाज के लोगों से आह्वान किया कि 27 अप्रैल को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के प्रधान राम निवास ने राज्यसभा सांसद को बुक्का देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक समाज के नहीं बल्कि 36 बिरादरी के है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और समाज की भलाई करते हुए शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को भी उनके दिखाए गए मार्ग का भी अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोगों का संगठित होना जरूरी है तभी वे अपने मुद्दे पटल पर रख सकते हैं।

## घुकावाली में पीने के पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव घुकांवाली में पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पिछले कई दिनों से नहरों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों को पीने के लिए पानी व किसानों को सिंचाई के लिए लाले पड़े हुए है। ग्रामीणों को सबसे अधिक पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। घुंकावाली निवासी भूप सिंह, बलजीत सिंह, निर्मल सिंह, तरसेम, जगजीत सिंह , विनोद आदि



**सिरसा।** गांव घुकांवाली में सूखी पड़ा जलघर।

का कहना है कि गांव के जलघर में 3 टैंक बने हुए है और सभी लीकेज है। जिनमें से 2 टैंक तो बिल्कुल कंडम हो चुके हैं और नीचे से लीकेज है। तीनों में से एक टैंक में पानी भरा रहता है जो कुछ दिनों की सप्लाई के बाद खाली हो जाता है। फिर मजबूरन गांववासी बोर का खारा पानी पीते हैं जिसकारण बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। गांववासियों ने बताया कि तीनों टैंको की काफी समय से सफाई नही की गई और उसमें गंदगी इतनी ज्यादा है कि उसमें से बदबू आती है। ग्रामीणों की मांग है कि पानी आने से पहले तुरन्त टैंक की सफाई करवाई जाए।

## शारदा स्कूल की वैन में आग लगने से मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



सडक़ों पर दौड़ रही निजी स्कूल वैनों की फिटनेस को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। किसी घटना के बाद स्कूल वैनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त दिखने वाली सरकार और अधिकारियों के दावे की पोल फतेहाबाद में उस समय खुल गई जब बुधवार सुबह बच्चों को लेकर जा रही भट्टू रोड स्थित शारदा स्कूल की वैन में आग लग गई। भट्टू रोड पर जिस समय वैन में आग लगी, उस समय उसमें 12 बच्चे सवार थे। गाड़ी से धुंआ निकलते देख चालक ने तुरंत वैन को सडक़ किनारे रोका और राहगीरों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला। स्कूल वैन में आग की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि समय रहते बच्चों को बाहर निकाल लिया गया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह भट्टू रोड स्थित शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वैन शहर के अलग-अलग एरिया से बच्चों को लेकर वापस स्कूल जा रही थी।

## रोडवेज बस की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे पर सिरसा रोड पर एक रोडवेज बस ने स्कूटी में टक्कर दे मारी। इस हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। बुधवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया वहीं पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शहीदांवाली निवासी रतन सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने भाई हरदयाल सिंह के साथ घरेलू काम से फतेहाबाद शहर आए हु थे। काम खत्म करने के बाद वह अपने मोटरसाइकिल पर जबकि उसका भाई हरदयाल अपनी एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही हरदयाल सिरसा रोड पर कम्बोज पाइप फैक्ट्री के पास पहुंचा तो फतेहाबाद शहर की तरफ से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस के चालक ने बस को लापरवाही व तेजगति से चलाया और स्कूटी में टक्कर दे मारी। हादसे में स्कूटी सवार हरदयाल सड़क पर जा गिरा और बस चालक बस को रोके बिना मौके से भगा ले गया। रतन सिंह ने बताया कि इसके बाद उसने हरदयाल को उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ करेंगे सख्त कार्रवाई : सिद्धांत जैन

# नए एसपी सिद्धांत जैन ने संभाला कार्यभार, कहा फतेहाबाद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

*संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस जिला डबवाली से स्थानांतरित होकर आए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आज बुधवार को पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद का कार्यभार संभाल लिया। डीएसपी फतेहाबाद जगदीश चन्द्र, डीएसपी भूना कुलवंत सिंह, डीएसपी टोहाना उमेद सिंह, डीएसपी फतेहाबाद ट्रेफिक नरसिंह, डीएसपी रतिया संजय कुमार, थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का कार्यालय में



**फतेहाबाद।** नवनियुक्त एसपी सिद्धांत जैन का स्वागत करते पुलिस अधिकारी।

पहुंचने पर स्वागत किया। बता दें कि सिद्धांत जैन इससे पहले जिला गुरुग्राम में डीसीपी साउथ व पुलिस जिला डबवाली में पुलिस अधीक्षक के पद पर रहे है व अभी पुलिस जिला डबवाली से स्थानांतरित होकर जिला फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक नियुक्त हुए है। कार्यभार ग्रहण करने उपरांत नव नियुक्त एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस द्वारा संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर कमरतोड़ कार्रवाई होगी तथा उनके सहयोगियों व गिरोह सहित पूरे अपराधिक तंत्र को पूर्णतया ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही अपराधियों को सूचना और पनाह देने वालों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के किए जाएंगे प्रयास

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संगठित अपराध के साथ जिले में नशा उन्मूलन, सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने सहित साइबर अपराध नियंत्रण करने तथा महिला विरुद्ध अपराध सहित सभी तरह केअपराधों पर रोक लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा जिला फतेहाबाद में सुगम यातायात बनाने के लिये भरसक प्रयास किये जायेंगे। एसपी सिद्धांत जैन ने अधिकारियों और थाना प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि फतेहाबाद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से हमारी तनख्वाह आती है। हमारी जिम्मेवारी है कि उनके जान माल की रक्षा करे।*

**डॉक्टर्स सजेशन**


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## लॉन्ग सिटिंग जॉब से जब हो कमर में दर्द



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द हो रहा है। यह दर्द खड़े होने और चलने-फिरने पर अधिक बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-केतन, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी लंबी सीटिंग वाली जॉब है। इस तरह की जॉब वाले कई लोगों को ऐसी समस्या से रूबरू होना पड़ता है। इसका स्थाई समाधान पाने का तरीका है कि सबसे पहले आप एक साथ लंबी सिटिंग ना करें। सिटिंग के दौरान कुछ-कुछ समय के गैप पर सीट से उठकर चलते-फिरते रहें। साथ ही आप किसी फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ कमर की एक्सरसाइज बताएंगे, उसे नियमित रूप में आप सुबह-शाम करिए। एक्सरसाइज से ही स्थायी समाधान मिल पाएगा। वजन उठाने वाला और आगे झुकने वाला काम बिल्कुल ना करें। ज्यादा समस्या हो रही हो तो जरूर आप एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 24 वर्ष है। गर्मी आते ही मेरे चेहरे पर कील-मुंहासे, दाने निकलने लगते हैं। कृपया कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार मेरी स्किन कील-मुंहासों से बची रहे।**

**-सूरज, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको धूप और गर्मी से एलर्जी है। जिस वजह से आपको ऐसी समस्या होती है। कोशिश करें कि आप धूप और गर्मी में कम से कम बाहर निकलें। एक बार आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से भी संपर्क कर लें। वह आपको कोई क्रीम और साबुन बता देंगे, जिनका उपयोग आप नियमित रूप में करें। बगैर डॉक्टर से सलाह लिए बाजार से कोई भी क्रीम या साबुन का इस्तेमाल ना करें।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। तीन साल पहले मैंने पाइल्स का ऑपरेशन करवाया था। पहले तो ठीक था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मुझे फिर दर्द हो रहा है। क्या मुझे फिर से इसका ऑपरेशन करवाना पड़ सकता है?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

एक बार आपको सर्जन से संपर्क करना चाहिए क्योंकि बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। कई बार ऑपरेट किए गए मस्से में फिर से परेशानी हो जाती है। जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया था उसी से संपर्क करें तो बेहतर होगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राज किशोर, बेमेतरा**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। सबसे पहले आप अपना खान-पान सुधारें। खाने में अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता जरूर शामिल करें। रात का खाना हल्का लें। पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिएं। इससे आपको राहत मिलेगी। इससे भी राहत ना मिले तो एक बार गेस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट में दाईं तरफ अकसर बहुत तेज दर्द होने लगता है। पेनकिलर लेने पर तत्काल राहत तो मिल जाती है, लेकिन फिर यह दर्द कभी भी शुरू हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-अक्षय, बिलासपुर**

बगैर जांच किए इस संबंध में कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप डॉक्टर से संपर्क करें और पेट का अल्ट्रासाउंड करा लें, जिससे इस दर्द का कारण पता चलेगा। क्योंकि कई बार स्टोन की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें। कारण जानने के बाद ही इलाज करना संभव होगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. नरेश कुमार**
**सीनियर फिजीशियन**
**एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली**

गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। उनमें से कुछ मच्छरों के काटने से खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। जिनके उपचार में कोताही बरतने पर ये बीमारियां जानलेवा भी साबित होती हैं। मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है-मलेरिया। सही समय पर उपचार ना कराने से यह रोग भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### ऐसे होता है मलेरिया संक्रमण

मलेरिया रोग, मादा एनोफिलीज मच्छर के सलाइवा में मौजूद प्लाज्मोडियम परजीवी के संक्रमण से होता है। प्लाज्मोडियम की कई किस्में होती हैं- प्लाज्मोडियम वाइवेक्स, प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम, प्लाज्मोडियम ओवेल, प्लाज्मोडियम मलेरी। इनमें प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम से होने वाला मलेरिया बहुत खतरनाक और जानलेवा हो सकता है। मलेरिया के इन परजीवियों के संक्रमण का एक निश्चित चक्र होता है। मलेरिया पीड़ित व्यक्ति से एनोफिलीज मच्छर में और संक्रमित मच्छर से स्वस्थ व्यक्ति में। मादा एनोफिलीज मच्छर जब किसी मलेरिया के रोगी को काटती है तो उस व्यक्ति के खून में मौजूद मलेरिया के प्लाज्मोडियम परजीवियों को भी चूस लेती है और खुद भी संक्रमित हो जाती है। मच्छर के शरीर में पहुंचे मलेरिया के परजीवी 8-10 दिन में मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाते हैं। जब ये संक्रमित मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं, तो अपनी लार के साथ मलेरिया परजीवी उस व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। ये परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के लीवर में पहुंच कर तेजी से फैलने लगते हैं और ब्लड में पहुंच कर रेड ब्लड सेल्स को प्रभावित कर नष्ट करने लगते हैं। जिससे ब्लड प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं और संक्रमित व्यक्ति मलेरिया की चपेट में आ जाता है। मच्छरों के काटने के अलावा मलेरिया के ये परजीवी गर्भवती महिलाओं के ब्लड से नवजात शिशुओं को भी संक्रमित कर सकते हैं। ब्लड ट्रांसप्लांट या डिस्पोजेबल इंजेक्शन का इस्तेमाल ना करने की स्थिति में भी एक स्वस्थ व्यक्ति को अपना शिकार बना सकते हैं।



**प्रमुख लक्षण:** मलेरिया के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पीड़ित व्यक्ति को इंफेक्शन किस मच्छर से और किस लेवल का हुआ है? अपने देश में ज्यादातर मलेरिया, प्लाज्मोडियम वाइवेक्स से फैलता है। एनोफिलीज मच्छर के काटने के 10 से 14 दिन बाद मलेरिया के लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण फ्लू से मिलते-जुलते हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं-

- बहुत तेज बुखार आना, विशेषकर ठंड लगकर कंपकंपी के साथ 3-4 घंटे के लिए 102-103 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार आना। बुखार उतरते समय मरीज को बहुत अधिक पसीना आना। यह साइकिल 24 घंटे में दो-तीन बार रिपीट होता है और कुछ को 48 घंटे में। इस तरह बुखार का उतार-चढ़ाव व्यक्ति के इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है।
- शरीर में खून की कमी होना।
- बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना।
- शरीर की मांसपेशियों में दर्द होना।
- पेट में दर्द होना और उल्टी आना।
- हाथ-पैर में ऐंठन होना।
- स्थिति गंभीर होने पर तेज सिर दर्द होना।
- उल्टी, दस्त, डायरिया होना।
- सांस लेने में दिक्कत होना।
- बेहोशी आना।
- लो ब्लड शुगर और यूरिन में खून आना।
- दिमागी सूजन से झटके आना, दौरे पड़ना, बेहोश होना।

स्पेशल: वर्ल्ड मलेरिया डे, 25 अप्रैल

हालांकि पहले के मुकाबले देश-दुनिया में मलेरिया का प्रकोप कम हुआ है लेकिन अभी भी हर साल लाखों लोग इससे ग्रसित होते हैं। इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ही हर वर्ष मलेरिया दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि यह रोग कैसे होता है, इसके लक्षण क्या हैं, इसका उपचार कैसे होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?

## मच्छरजनित खतरनाक रोग मलेरिया
# बरतें पूरी सावधानी-रहें सुरक्षित



**ना बरतें लापरवाही:** अकसर मलेरिया के बुखार को साधारण फ्लू समझकर अनदेखा कर दिया जाता है। इससे मलेरिया का पता तब चलता है, जब इंफेक्शन बहुत ज्यादा बढ़ चुका होता है। ऐसे में शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने पर मलेरिया जानलेवा हो सकता है।

**जांच का तरीका:** मलेरिया की जांच के लिए मूलतया माइक्रोस्कोपिक ब्लड टेस्ट किया जाता है। मरीज की मलेरिया स्क्रीनिंग के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किया जाता है, जिससे मलेरिया कंफर्म हो जाता है। ब्लड पैरीफेरल स्मीयर टेस्ट किया जाता है यानी माइक्रोस्कोप के माध्यम से ब्लड में मलेरिया पैरासाइट की किस्म की जांच की जाती है, जिसके मुताबिक इलाज किया जाता है। मलेरिया की जांच के लिए कार्ड टेस्ट (गर्भवती महिलाओं), पॉलीमेरास चेन रिएक्शन टेस्ट (डीएनए की जांच), कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट (ब्लड प्लेटलेट्स की जांच), इम्यूनलॉजिकल ऑप्टिमल टेस्ट (परजीवी द्वारा बनाए गए एंटीजेन) भी कराए जाते हैं। अगर रोगी के ब्लड प्लेटलेट्स डेढ़ लाख से कम हैं और मलेरिया के लक्षण हैं, तो ट्रीटमेंट तुरंत शुरू कर दिया जाता है।




**कैसे किया जाता है ट्रीटमेंट:** अगर समय रहते उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मलेरिया पर काबू पाना मुश्किल नहीं है। स्थिति के आधार पर मरीज को मेडिसिन दी जाती हैं। शुरुआती अवस्था में 3-5 दिन के लिए एंटी मलेरियल मेडिसिन दी जाती हैं, जैसे- क्लोरोक्विन, प्राइमाक्विन, डोक्सीसीलाइन एमेफ्लोक्विन। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को आईसीयू में एडमिट करना पड़ सकता है और एसिंप्टोमैटिक उपचार किया जाता है। मलेरिया के लिए आरटीसुनेट और क्विनिन मेडिसिन दी जाती हैं। सेरेब्रल मलेरिया के कारण दिमाग में सूजन और झटकों को कम करने की दवाइयां भी दी जाती हैं। गर्भवती महिला को मलेरिया की पुष्टि होने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह पर तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाता है। इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए उन्हें आयरन और विटामिंस की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ती है।

**कैसे करें बचाव:** चूंकि मलेरिया से बचने के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जरूरी है, मलेरिया के कारक मच्छरों से बचा जाए और मच्छरों से बचाव के लिए खुद पर ध्यान देने के साथ आस-पास के वातावरण पर भी ध्यान देना जरूरी है-

- मलेरिया फैलाने वाले मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। इसलिए गमलों, कूलर में या घर के आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। गड्ढे वगैरह हों तो मिट्टी, पत्थर से भर दें। जमा हुए पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए ऑयल स्प्रिंकल करें। नालियों, गटर में नियमित तौर पर डीडीटी, बीएचसी पाउडर जैसे कीटनाशक दवाइयों या फिर केरोसिन का छिड़काव करें।
- दरवाजे, खिड़कियों, रोशनदानों या एग्जॉस्ट फैन चिमनियों पर जाली वाले दरवाजें लगवाएं ताकि मच्छर घर में ना आ सकें।
- मॉस्किटो-रेप्लेंट, कॉयल या वेपराइजर्स का इस्तेमाल करें।
- फुल स्लीव्स और फुल लेंथ के कपड़े पहनें। बच्चों का खास ध्यान रखें। शाम को बाहर या पार्क में खेलते समय ऐसे ही कपड़े पहनाएं।
- मुंह, हाथों या शरीर के दूसरे खुले अंगों पर एंटी मॉस्किटो क्रीम या सरसों, नीम, नीबू, लैवेंडर जैसे तेल लगाएं।
- सोते समय केमिकलयुक्त मॉस्किटो-कॉयल या रेप्लेंट इस्तेमाल करने के बजाय यथासंभव मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। छोटे-बड़े सभी को मच्छरदानी लगाकर सोने की आदत डालें।
- घर के अंदर तुलसी, पुदीना, अजवायन, मेहंदी, लेमनग्रास, गेंदा, चमेली जैसे औषधीय पौधे लगाएं। इनकी महक से मच्छर दूर भागते हैं।
- ऐसी जगह पर जाने से बचें, जहां पर मच्छर ज्यादा हों। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### कारगर घरेलू उपचार



**मलेरिया होने** पर शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कई किस्म की जड़ी-बूटियों का सेवन कारगर होता है।

**नीम की पत्तियों का काढ़ा:** 4-5 नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर पीएं। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

**गिलोय का रस:** यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, दिन में एक बार 10-15 एमएल गिलोय का रस पी सकते हैं।

**तुलसी-अदरक की चाय:** तुलसी, अदरक और काली मिर्च डालकर बनी चाय मलेरिया में बहुत लाभकारी होती है।

**पपीते के पत्तों का रस:** पपीते के पत्तों का रस, प्लेटलेट्स बढ़ाने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। **-डॉ. माजिद अलीम**

---

**आहार**

**शिवचरण चौहान**

वैसे तो दही और छाछ का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता ही है। लेकिन गर्मी के मौसम में दही का सेवन पाचन के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। पाचक, शीतल दही के स्वास्थ्यकर गुणों के बारे में जानिए।

## इस मौसम में खाएं दही
# आपका पेट रहेगा सही

आमतौर पर गाय या भैंस के दूध से दही जमाया जाता है। दही को मथकर मही यानी मट्ठा या छाछ बनता है। गर्मी के मौसम में दही और मट्ठा दोनों का सेवन हमारे स्वास्थ्य, विशेष रूप से पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभप्रद होता है।

**उपस्थित पोषक तत्व:** वैज्ञानिकों के अनुसार दही के रासायनिक संगठन में 89.1 प्रतिशत पानी तथा 9 प्रतिशत ठोस भाग होता है। ठोस हिस्से में फैट 4%, लेक्टोज 2.9 प्रतिशत, प्रोटीन 0.8 प्रतिशत तथा कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, विटामिन ए, बी और सी के भी पर्याप्त अंश पाए जाते हैं।

**गुणों का भंडार:** दही एक पूर्ण पौष्टिक आहार है और हर कहीं आसानी से उपलब्ध हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार दही रुचिकर, भूख बढ़ाने वाला, स्निग्धता प्रदान करने वाला, पाचन में सहायक, वात नाशक, विषनाशक, यकृत की शक्ति बढ़ाने वाला, बवासीर और अन्य उदर रोगों के लिए लाभप्रद होता है। दही, हृदय और मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करने वाला और आंतों की सफाई करने में भी सहायक होता है। अमेरिका के प्रो. जार्ज बी. मान ने अनेक शोधों के बाद निष्कर्ष निकाला कि दही में एक ऐसा तत्व भी मौजूद होता है, जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल के दौरे को रोकता है। इसीलिए हृदयरोगियों को प्रो. जार्ज सलाह देते हैं कि दही पर्याप्त मात्रा में नियमित खाना चाहिए।

**पाचन रखे सही:** दही में दूध के सभी गुण मौजूद रहते हैं। दूध में पाए जाने वाले जीवाणु ही गर्मी पाकर जब बढ़ने लगते हैं। वे दूध में उपस्थित शर्करा को लैक्टिक अम्ल में तब्दील कर देते हैं। इससे दूध का प्राकृतिक मीठा स्वाद तो खट्टे स्वाद में परिवर्तित हो जाता है। लेकिन दूध में मौजूद अन्य गुण जैसे चिकनाहट और उसमें मौजूद पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए और बी, प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस आदि विद्यमान रहते हैं। एक शक्तिदायक खाद्य पदार्थ होने के बावजूद यह मोटापा नहीं बढ़ाता। दही वीर्यवर्धक होता है और इससे पुरुषों के शुक्राणु पुष्ट होते हैं। यह हृदय, मस्तिष्क के समान ही यकृत को भी मजबूत बनाने में सहायक होता है। हमारा शरीर दही का 91 प्रतिशत भाग एक घंटे में सहजता से पचा लेता है। इस तरह यह अत्यंत पाचक है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, आंतों के निचले हिस्से में ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जिनका भोजन पचाने में बड़ा योगदान होता है। ऐलोपैथी की अधिक दवाएं खाने से इन बैक्टीरिया की सक्रियता में कमी आ जाती है। इससे भोजन का पाचन सही रूप से नहीं हो पाता। दही में यह गुण होता है कि वह इन बैक्टीरिया को पुनः सक्रिय बना देता है, जिससे पाचन तंत्र सुचारु रूप से कार्य करने लगता है। दही शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी सहायक होता है। कुछ वैज्ञानिकों का तो ऐसा भी कहना है कि दही के नियमित सेवन करने से कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है।



**स्वस्थ-दीर्घायु जीवन:** माना जाता है कि दही के नियमित सेवन से व्यक्ति दीर्घायु होता है। रूस के जॉर्जिया प्रदेश की 50 लाख की आबादी में कई हजार लोग सौ वर्ष से अधिक की आयु में भी स्वस्थ-प्रसन्नचित्त रहते हैं। बुल्गारिया में भी हजारों लोग वृद्धावस्था में पूरे तौर पर सेहतमंद रहते हैं। माना जाता है कि वहां के लोग अनुशासित जीवनशैली, पौष्टिक आहार अपनाने के अलावा भरपूर मात्रा में दही का नियमित सेवन भी करते हैं।

**ये भी हैं फायदे:** दही को बहुत प्राचीनकाल से सिर धोने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता रहा है। इससे केश मुलायम, घने, काले और लंबे होते हैं। बालों की जड़ों में दही को अच्छी तरह लगाकर स्नान करना चाहिए। दही की ठंडी मलाई पलकों पर लेप करने से गर्मी और जलन कम होती है। वजन कम होने की शिकायत होने पर दही में छुहारा, किशमिश, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी आदि मिलाकर नियमित रूप से सेवन करने से वजन में पर्याप्त वृद्धि होती है। दही की इतनी उपयोगिता को देखते हुए दही का सेवन नियमित रूप से किया जाना बहुत ही फायदेमंद है। लेकिन मिलावटी दूध से बना दही नुकसान करता है, इसलिए दही की गुणवत्ता की जांच परख कर इसका सेवन करना चाहिए। *

### छाछ भी है लाभदायक



**गर्मियों में** दही की लस्सी या छाछ का सेवन करना भी लाभकारी है। यह तृप्तिदायक शीतल पेय है। छाछ में दही के समान ही स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं। छाछ के विभिन्न रोग-निवारक गुणों के कारण ही आयुर्वेद और यूनानी उपचार चिकित्सा पद्धति में इससे मंदाग्नि, आंतों की कमजोरी, पेचिश और दस्त आदि रोगों का उपचार किया जाता है। कब्जियत से छुटकारा पाने के लिए दही से बनी छाछ का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। इस छाछ में चुटकी भर काला नमक और पिसी अजवाइन भी डाला जा सकता है।

---

**मेंटल हेल्थ**

आज की जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बच्चे, किशोर, युवा और वृद्ध हर उम्र के लोग तनाव और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में इसकी वजहें और इनसे बचने के तरीकों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

## हर उम्र के लोगों में
# बढ़ रही मेंटल प्रॉब्लम्स

आज के दौर में दुनिया भर में हर उम्र के लोगों में मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम्स लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसकी प्रमुख वजहों के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-काउंसिल एंड साइकोथेरेपी, **डॉ. नीलशा भेरवानी** बताती हैं, 'मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की प्रमुख वजहें तनाव, अनियमित दिनचर्या, सामाजिक दबाव, आर्थिक अस्थिरता, डिजिटल ओवरलोड और अकेलापन हैं। नींद की कमी, असंतुलित आहार, नशे की लत और शारीरिक गतिविधियों की कमी भी मानसिक बीमारियों को बढ़ावा देती हैं।' मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है, इसके लिए सही दिनचर्या, योग-ध्यान, संतुलित आहार और संवाद को बढ़ावा देना जरूरी है। जागरूकता और समय पर इलाज से मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाया जा सकता है।

**कॉमन मेंटल प्रॉब्लम्स:** आजकल लोग कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से डिप्रेशन, एंग्जायटी डिसऑर्डर, बाइपोलर डिसऑर्डर, ओसीडी (ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर), पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) और इंसोम्निया (अनिद्रा) शामिल हैं। लंबे समय तक तनाव, अकेलापन, असंतुलित जीवनशैली और डिजिटल एडिक्शन इन समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। युवाओं में सोशल मीडिया की वजह से आत्मविश्वास की कमी और एंग्जायटी बढ़ रही है, जबकि वयस्कों में वर्क-प्रेशर और आर्थिक चिंताओं से डिप्रेशन आम होता जा रहा है।

**प्रमुख लक्षण:** कोई व्यक्ति किसी मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से ग्रस्त है, इसकी पहचान के बारे में मेरठ स्थित छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट, **डॉ. रितिका** बताती हैं- किसी व्यक्ति के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की पहचान उनके व्यवहार, भावनाओं और शारीरिक लक्षणों से की जा सकती है। लगातार उदासी, चिंता, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास में कमी, बिना कारण डर लगना, अत्यधिक नकारात्मक सोच, एकांतवास पसंद करना आदि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं। नींद न आना या ज्यादा सोना, भूख में कमी या वृद्धि, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के कार्यों में रुचि खत्म होना भी लक्षण हो सकते हैं। बार-बार सिरदर्द, थकान और दिल की धड़कन तेज होना भी संकेत देते हैं। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।



**बचाव के तरीके:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। नियमित योग, ध्यान और एक्सरसाइज मानसिक तनाव को कम करने में मदद करते हैं। संतुलित और पौष्टिक आहार शरीर के साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे), सोशल कनेक्शन बनाए रखना, स्क्रीन टाइम कम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना, मानसिक शांति बढ़ाता है। नकारात्मक सोच से बचें और जरूरत पड़ने पर दोस्तों, परिवार या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें। अत्यधिक कैफीन, नशे और जंक फूड से दूरी बनाना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।



**ऐसे करें उपचार:** मेंटल प्रॉब्लम्स के उपचार के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-साइकोलॉजी, **डॉ. प्रशांत गोयल** सलाह देते हैं, 'मेंटली अनफिट व्यक्ति के उपचार में थेरेपी जैसे काउंसलिंग, मेडिटेशन, दवाएं और लाइफस्टाइल चेंज मददगार हो सकते हैं। परिवार और दोस्तों का सहयोग बेहद जरूरी है। वे भावनात्मक सहारा देकर, बिना जज किए बात सुनकर और सकारात्मक माहौल देकर मरीज की रिकवरी में मदद कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति लगातार उदास, चिंतित, अकेला महसूस कर रहा हो, रोजमर्रा के काम करने में असमर्थ हो या आत्मघाती विचार आ रहे हों, तो तुरंत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।' मेंटल हेल्थ समस्या भी शारीरिक बीमारी की तरह गंभीर हो सकती है, इसलिए इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए।

**बच्चे-किशोर भी हो रहे ग्रस्त:** आज के दौर में बच्चे और किशोर भी स्ट्रेस और डिप्रेशन का खूब शिकार हो रहे हैं। दरअसल, पढ़ाई का दबाव, सोशल मीडिया की तुलना, करियर की चिंता और पारिवारिक तनाव के कारण उनमें स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ रहा है। इससे बचाने के लिए खुला संवाद, संतुलित दिनचर्या और भावनात्मक सहयोग जरूरी है। माता-पिता को बच्चों पर अत्यधिक प्रेशर डालने के बजाय उनकी भावनाओं को समझना चाहिए। डिजिटल डिटॉक्स, फिजिकल एक्टिविटी और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्कूल और समाज में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि बच्चे बिना डर अपने मन की बात साझा कर सकें और समय रहते मदद मिल सके। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### घर में सेंध लगाकर 25 लाख की नगदी चोरी

**सिरसा।** शहर सिरसा पुलिस ने द्वारकापुरी निवासी नवदीप पुत्र ज्ञानचंद की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में नवदीप ने बातया कि उसने अपने घर की अलमारी में 25 लाख रुपये नगद रखा हुआ था। उसने बताया कि 20 अप्रैल की सायं 8 बजे उसने अपनी अलमारी चैक की थी, जिसमें कैश सही सलामत था। अगले दिन सुबह साढ़े 8 बजे जब उसने कैश संभाला तो अलमारी से कैश गायब था। अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है।

### घर से गेहूं चोरी का आरोपी दबोचा

**सिरसा।** जिला की करीवाला पुलिस चौकी ने गांव बचेर क्षेत्र स्थित एक घर से करीब 2/3 बोरी गेहूं चोरी करने के आरोपी युवक को काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि बचेर निवासी जगदीश पुत्र हेतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 31 मार्च 2025 की रात को अज्ञात युवकों ने उसके घर में घुसकर 2/3 बोरी गेहूं चोरी करके ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना रानियां में गेंहू चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय सिंह पुत्र भूप सिंह निवासी डिंग मंडी, जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि संदीप कुमार पुत्र छोटू राम निवासी डिंग मंडी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 26 फरवरी को करीब 7 बजे वह मेहूवाला रोड पर स्थित ढाणी के बाहर बाइक खड़ा करके ढाणी के अंदर चला गया। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया था।

### घर से मोबाइल चोरी का अरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने राम कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में स्थित एक घर से चोरी हुए चार मोबाइल फोन की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान खुशकरण उर्फ करण पुत्र विलियम निवासी राम कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आजाद कुमार पुत्र आत्माराम निवासी बुटा राम कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 23 फरवरी को फोन चार्ज पर लगाकर घर में सो रहे थे। इस दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति घर मे घुसकर चार मोबाइल फोन चोरी करके ले गया। शिकायत पर सिविल लाइन थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

---

### जल्द समाधान का दिया आश्वासन, संघ ने 30 तक दिया अल्टीमेटम

# पालिका कर्मियों ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन डीएमसी को सौपा अपनी मांगों का ज्ञापन

- टोहाना, भुना, रतिया व जाखल से पालिका कर्मचारियों ने प्रदर्शन में लिया भाग
- कर्मचारियों को काम से हटाने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएमसी को मांग पत्र सौंपते नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

फरवरी 2023 के पत्र अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, वर्ष 2014 के पत्र अनुसार 400 की आबादी पर 1 सफाई कर्मचारी की नियुक्ति, नियम अनुसार हर महीने की 7 तारीख को वेतन, काम के घण्टे तय करवाने, हटाए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने अन्य मांगों को लेकर जिलेभर के नगरपालिका व नगरपरिषद के कर्मचारियों ने फतेहाबाद में जिला नगर आयुक्त कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। डीएमसी कार्यालय के बाहर दिए गए धरने में फतेहाबाद के टोहाना, भुना, रतिया व जाखल से पालिका कर्मचारियों ने भाग लिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर रोष जताया। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान ओम प्रकाश लोट ने की।

धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान ओम प्रकाश लोट व जिला सचिव विजय ढाका ने बताया कि फतेहाबाद प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। संघ ने पहले ही 9 अप्रैल को अपना मांग पत्र नगर परिषद प्रशासन को सौंपा हुआ है जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इसके बाद अब जब कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं तो उन्हें काम से हटाने की धमकियां दी जा रही हैं जिसे कर्मचारी संघ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। धरने को राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, जिला सचिव विजय ढाका, जिला कोषाध्यक्ष नरेश राणा, जिला मुख्य सलाहकार सत्यवान टांक, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल, नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद के कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति, टोहाना प्रधान रविन्द्र लोट, भुना के सचिव सुनील कुमार, रतिया से गुरमीत सिंह, जाखल प्रधान धर्मा लोट, कर्मचारी नेता ओम प्रकाश चड्ढा , सकसं के ब्लॉक सचिव इंद्र घासी, सीटू नेता बेगराज ने भी सम्बोधित किया। कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए जिला नगर आयुक्त ने ज्ञापन देने व मांगों पर बातचीत के लिए संघ के प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय में पहुंचा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए डीएमसी से मिला।

बातचीत में जिला नगर आयुक्त ने संघ के मांग पत्र पर सहमति जताई व कहा कि कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान किया जाएगा। संघ ने यह भी कहाकि आज जिन मांगों पर बातचीत हुई है, इसकी प्रोसिडिंग जारी करे व संघ को दे। कर्मचारी नेता ओम प्रकाश लोट व विजय ढाका ने कहा कि जिला नगर आयुक्त के साथ मांगों पर सहमती बनी है और संघ ने यह भी सख्त लफ्जों में कहा है कि अगर 30 अप्रैल तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो संघ दोबारा मीटिंग कर हड़ताल जैसा कठोर कदम उठाने पर मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

---



**सिरसा।** बैठक में भाग लेते जजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## संगठन को मजबूत करने के लिए मांगे सुझाव

- जजपा की पांचों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जननायक जनता पार्टी के सिरसा जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को हुई जिला प्रभारी राजेंद्र लितानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष सैलानियों की हत्या किए जाने की निंदा की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। राजेंद्र लितानी, धर्मपाल, कुलजीत कुलडिय़ा, जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व राधेश्याम शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपनी पिछली कमियों को भूलकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढऩे का आह्वान किया। पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढऩे तथा पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोडऩे का आह्वान किया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जेजेपी जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, सुरेंद्र बेनीवाल, अमर सिंह ज्याणी, राजबीर रोड, अनिल कासनियां, बलकरण सिंह, अजब ओला, बालकरण सिंह, शगनजीत सिंह गिल, अमन गिल, अंकित सचदेवा, कादर खान, अकबर खान, शारदा सिहाग, सुमित्रा भारी, कमलजीत कौर, हाजी यूसुफ खान, करतार सिंह, कुलदीप काका आदि मौजूद रहे।

---

## मुख्यमंत्री नायब सिंह से मिलेगा पीड़ित परिवार

- नाबालिगा को घर से जबरन उठाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव सिकंदरपुर में 18 अप्रैल की रात्रि को गांव के ही कुछ युवकों द्वारा एक नाबालिगा को घर से जबरन उठाने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से खफा परिजन 26 अप्रैल को सिरसा में आ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व नवनियुक्त एसपी मयंक गुप्ता से मिलकर न्याय की मांग की जाएगी। पीड़िता ने बताया कि उसकी माता कुल्हे की हड्डी टूटने के कारण बैड पर है। मेरे दो भाई जो कि दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। मेरी एक बहन है, जो मेरे से बड़ी है व मेरे पिता सफाई कर्मचारी हैं। 18 अप्रैल की रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। हमारे घर का गेट नहीं है। रात लगभग 12 बजे उपरोक्त पोपी मेरे पास आया और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा और मुझे घर से बाहर जाने के इशारे करने लगा। इसके बाद वह मेरी बाजू खींचकर जबरदस्ती बाहर ले जाने लगा और मुझसे कहा कि यदि तूने शोर मचाया तो तेरे व तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। जब उसने बाहर देखा तो रूक्का, टोनिया, महेन्द्रिया बाहर खड़े थे, जो कि सभी मुझे जबरदस्ती घर से उठाने के लिए आए थे और मेरे साथ जोर जबरदस्ती करना चाहते थे। मेरे शोर मचाने पर परिवार वाले जाग गए। मेरे भाई लवली व सुखदेव ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। सुबह पुलिस को मामले संबंधी शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और उन्हें कभी किसी थाने तो कभी किसी थाने के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि वह परिजनों के साथ 26 अप्रैल को सिरसा आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व नवनियुक्त एसपी मयंक गुप्ता से मिलकर न्याय की मांग करेगी।

---

## अब तक पांच लाख 58 हजार 217 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है, अब तक पांच लाख 58 हजार 217 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 62 हजार 859 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा तीन लाख 75 हजार 677 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा एक लाख 19 हजार 681 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। कालांवाली अनाजमंडी में 58163 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद अनाजमंडी में 31240 मीट्रिक टन, सिरसा अनाजमंडी में 29623 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 14118 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 38922 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा में 14347 मीट्रिक टन, बप्पां में 9233 मीट्रिक टन, डिंग में 16659 मीट्रिक टन, कुत्ताबढ में 6055 मीट्रिक टन, ओढां में 14171 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 21120 मीट्रिक टन और रानियां में 27413 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं व सरसों की खरीद भी जारी है।

### फतेहाबाद की अनाज मंडियों में अब तक 1,40,539 क्विंटल सरसों फसल की आवक

फतेहाबाद। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 140539 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 16085 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 79690 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44764 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 123331 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 9105 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 74367 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 39859 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 105631 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6980 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 61958 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 36693 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है।

### गेहूं का उठान न होने पर डीसी से मिलेंगे आढती

**सिरसा।** गेहूं की आवक तेज होने के बावजूद मंडियों से खरीदी गई गेहूं का उठान न होने के चलते अब आढतियों ने उपायुक्त से मिलने का निर्णय लिया है। आढती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनोहरलाल मेहता व अन्य आढतियों ने बताया कि शासन व प्रशासन द्वारा खरीद व उठान को लेकर जो दावे किए गए थे सबकी अब हवा निकली हुई है। मंडियों से खरीदी गई गेहूं का उठान न होने पर आढ़तियों ने संबंधित एजेंसियों से शिकायत भी की है पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि एफसीआई द्वारा स्पेशल लगाकर लेबर को धान की लोडिंग में लगाया गया है जबकि सीजन में इसी लेबर से गेहूं की उठान व गोदामों में बोरियां उतारने का काम लिया जाना था। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर वीरवार को मंडी के आढती डीसी से मुलाकात करेंगे और फिर भी समस्या का समाधान नहीं होता तो संघर्ष का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

---

## न्यूज डायरी

### एनसीसी भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित

**फतेहाबाद।** टोहाना में भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में एनसीसी कैडेट्स के लिए आठवीं कक्षा के छात्रों का चयन किया गया। पीठासीन अधिकारी व प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि चयन प्रक्रिया में 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया। तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार की ओर से फिजिकल व लिखित टेस्ट तथा मेडिकल कराने के पश्चात 24 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें से 15 लडकों तथा 9 लड़कियों का चयन हुआ, जबकि 6 विद्यार्थी रिजर्व में रखे गए हैं। इस दौरान तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार से नायब सूबेदार शमशेर सिंह, हवलदार दया राम, हवलदार पप्पू जाट, एएनओ प्रेमपाल सिंह व पीआई रेनू ने भर्ती की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। एनसीसी अधिकारियों ने कहा कि कैडेट्स में देशभक्ति की भावना के गुणों का संचार करना ही एनसीसी का मुख्य उद्देश्य है।

### जन्म प्रमाण पत्र बारे दी फर्जी दरखास्त, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव पतली डाबर निवासी व्यक्ति के बेटे की जन्म प्रमाण पत्र संबंधी फाइल फर्जी तरीके से भेजने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि मनप्रीत सिंह निवासी गांव पतली डाबर की विलंबित जन्म घटना दर्ज करवाने के लिए फाइल अस्पताल में स्थित जन्म-मृत्यु कार्यालय में प्राप्त हुई थी, जिसे कार्यालय द्वारा उपायुक्त सिरसा को जन्म-मृत्यु अधिनियम के अनुसार स्वीकृति प्रदान करने के लिए भेज दी गई। इस फाइल में दर्शाए गए तथ्यों की जांच तहसीलदार द्वारा की गई और पाया कि मुख्त्यार सिंह निवासी पतली डाबर द्वारा बयान किया गया है कि मनप्रीत मेरा बेटा है। मैंने कहीं भी उसके जन्म प्रमाण पत्र बारे कोई दरखास्त नहीं दी है, जो दरखास्त व शपथ पत्र दिए गए हैं, वह फर्जी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### महिला के कान से सोने की बाली छीनकर भागे

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र में छीना झपटी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गांव जमालपुर शेखां में बाईक सवार दो युवक एक महिला के कानों से सोने की बाली छीनकर मौके से फरार हो गए। महिला ने दोनों युवकों की पहचान कर इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। टोहाना सदर पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखा निवासी बबली बाई पत्नी सुरजीत सिंह ने कहा है कि सुबह 10 बजे वह हैदरवाला रोड, भाखड़ा नहर से लकड़ी लेकर घर की ओर जा रही थी। रास्ते में पीछे से गांव जमालपुर निवासी गपड पुत्र शमशेर व दिलबाग सिंह पुत्र लीला राम मोटरसाइकिल पर उसका पीछा करते हुए आए। जब वह दुर्गा मंदिर वाली गली में गुरुद्वारा के पास पहुंची तो आरोपियों ने उसे अकेला पाकर पीछे से बाई कान की बाली छीन ली और मोटरसाइकिल पर सवार होकर अड्डे की तरफ फरार हो गए। इस पर महिला ने शोर मचाकर युवकों का पीछा भी किया लेकिन युवक भागने में कामयाब रहे। बाद में महिला ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### सोलर हाई मास्ट लाइट पर दिया जा रहा 20000 अनुदान

**फतेहाबाद।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में गलियों में लाइट की व्यवस्था हेतु परंपरागत बिजली की निर्भरता को कम करने के लिए एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम अनुदान दर पर 4 हजार रुपये प्रति लाइट के अनुसार स्थापित करवाई जा रही है तथा सोलर हाई मास्ट लाइट पर 20 हजार रुपये प्रति सिस्टम के अनुसार अनुदान दिया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के मुख्य परियोजना अधिकारी अनुराग ढालिया ने बताया कि यह योजना मांग आधारित योजना है तथा इसमें गैर व्यवसायिक संस्थान, संगठन, जिला परिषद ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति, अमृत सरोवर, नगरपरिषद व नगरपालिका, सरकारी आईटीआई, महाविद्यालय व स्कूल आदि अनुदान दर पर ये लाइटें प्राप्त करने के पात्र हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरेडा द्वारा हाई पावर परचेज कमेटी के माध्यम से खुली बोली प्रक्रिया से अनुमोदित दरों व विक्रेताओं को कार्य आदेश दिए जाते हैं।

---

## खाई शेरगढ़ दो फर्मों पर सीएम फ्लाइंग की रेड

- बिना मार्केट फीस व टोकन पास के कर रखा था अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में गेहूं व सरसों के अवैध भंडारण का मोटा खेल चल रहा है। इसी मामले को लेकर सीएम फ्लाइंग पिछले कुछ दिनों से सिरसा, ऐलनाबाद, कालांवाली सहित अन्य क्षेत्रों में रेड कर रही है। सीएम फ्लाइंग हिसार की टीम ने मंगलवार को ओढां थाना क्षेत्र के गांव खाईशेरगढ़ में दो फर्मों पर रेड की। रेड के दौरान दोनों फर्मों से बड़ी मात्रा में गेहूं का अवैध भंडारण बरामद हुआ। टीम ने दोनों फर्मों पर मार्केट कमेटी फीस चोरी करने के आरोप में करीब साढ़े तीन लाख का जुमार्ना ठोका है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गांव खाईशेरगढ़ में कुछ फर्मों ने बिना मार्केट फीस व टोकन पास के बड़ी मात्रा में गेहूं का अवैध भंडारण किया हुआ है। जिसके बाद सीएम फ्लाइंग से उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेडकांस्टेबल जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, गुप्तचर विभाग से बलवीर सिंह, सतपाल सिंह व मलकीत सिंह की टीम ने मार्केट कमेटी रानियां के सचिव को साथ लेकर गांव खाईशेरगढ़ में नवीन ट्रेडिंग कंपनी तथा जाखड़ ट्रेडिंग कंपनी के नाम से चल रही दो फर्मों पर रेड की।

टीम ने जब भंडारण की जांच की तो नवीन ट्रेडिंग कंपनी पर 1200 क्विंटल गेहूं का भंडारण मिला। टीम ने जब फर्म संचालक बलविंद्र सिंह से मार्केट फीस, टोकन पास एवं गेहूं से संबंधित दस्तावेजों बारे पूछा तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर टीम ने फर्म पर 1 लाख 74 हजार 960 रुपए का जुमार्ना ठोका। वहीं जाखड़ ट्रेडिंग कंपनी पर से 12 हजार 50 क्विंटल गेहूं का भंडारण अवैध पाया गया। जिस पर टीम ने फर्म संचालक महेंद्र सिंह पर 1 लाख 75 हजार 686 रुपए का जुमार्ना ठोका। सीएम फ्लाइंग के उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने दोनों फर्मों पर अवैध भंडारण बरामद हुआ है। जिसके चलते जुमार्ना लगाया है। उन्होंने कहा कि विभाग की ये भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### एकादशी पर भजन संध्या एवं भंडारा आज

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में एकादशी के उपलक्ष्य में 24 अप्रेल को विशाल भजन संध्या एवं भडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि एकादशी के उपलक्ष्य में 24 अप्रेल वीरवार रात को 8:15 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय भजन गायक राजेंद्र गनेरीवाला एवं फतेहाबाद से भजन गायिका किरण राज भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि रात 9:15 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

---

**कार्यक्रम** | जल चौपाल के तहत ग्राम पंचायत खान मोहम्मद में ग्राम सभा आयोजित

## पीने के पानी को बर्बाद करने वाले ग्रामीणों पर पंचायत लगाएगी जुर्माना

पेयजल संबंधित समस्याएं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद। जल चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत खान मोहम्मद की ग्राम सभा में उपस्थित अधिकारी।

ग्राम पंचायत खान मोहम्मद में जल चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा की बैठक सरपंच सुमन रानी की अध्यक्षता में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरपंच सुमन रानी ने बताया कि ग्राम पंचायत खान मोहम्मद में जो भी ग्रामीण पीने के पानी के नलों पर नल नहीं लगाएंगे और पीने के पानी को बर्बाद करेंगे पंचायत उनको 50 रुपये जुर्माना लगाएगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि खान मोहम्मद पंचायत ने पीने के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए बहुत अच्छा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतों में स्वच्छ जल मुहैया करवाया जाएगा। इसके साथ ही पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं से भी अपील है कि इस संबंध में विभाग की मदद करें ताकि जल्दी फतेहाबाद जिले के सभी घरों मे पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

इसके साथ-साथ विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खंड संयोजक मदन लाल, कनिष्ठ अभियंता अजमेर सिंह, हेमराज, राकेश कुमार, लैब इंचार्ज विनोद कुमार, सुपरवाइजर सुमित कुमार, पंच ललित कुमार, वीरपाल कौर, परमजीत कौर, आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता, आशा, ट्यूब्वैल ऑपरेटर हरप्रीत सिंह, डिंपल कुमार, शकुंतला देवी, मलकीत सिंह, मनी राम, लखा सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

---

### आईटीआई पास के लिए रोजगार मेला कल

**सिरसा।** प्रदेश में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई प्रिंसिपल राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस रोजगार मेले में स्वराज इंजंस लिमिटेड मोहाली, श्रीराम पिस्टंस एंड रिंग्स लिमिटेड भिवाड़ी, शिवा टंर्ड कंपोनेंट गुरुग्राम आदि कंपनियों के प्रतिनिधि कैंपस इंटरव्यू के लिए आ रहे हैं, जिसमें फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, एमएमवी, मैकेनिकल डीजल, मैकेनिकल ट्रैक्टर, वेल्डर, वायरमैन, इलेक्ट्रीशियन और टूल एवं डाई मेकर ट्रेड के पासआउट विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी की आयु 18 से 24 वर्ष के बीच में होनी चाहिए। चयनित को स्टाइफंड / वेतन के तौर पर 11040 से 14534 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित विद्यार्थियों से कहा है कि वे इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं ताकि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कोई भी प्रशिक्षणार्थी रोजगार से वंचित ना रहे।


### अध्ययन केंद्र में युवा करेंगे नौकरियों की फ्री तैयारी

**फतेहाबाद।** गांव खाबड़ा में प्रमुख सामाजिक संगठन जिंदगी द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से निःशुल्क छात्र अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र समाजसेवा में अग्रणी रहे, वरिष्ठ नागरिक स्वर्गीय मदन लाल शर्मा की पुण्य स्मृति में शुरू किया गया। अध्ययन केंद्र का शुभारंभ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बलजीत बैनीवाल ने की। कार्यक्रम संचालन जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने किया। स्व. मदन लाल शर्मा के परिवारजनों और गांववासियों की आंखें उस समय नम हो उठीं, जब मंच से वक्ताओं द्वारा उनके सेवाभाव और जीवन मूल्यों को याद किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार ने कहा कि मदनलाल जी की स्मृति में यह केंद्र शिक्षा को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि छात्रों को आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और नई दिशा भी देगा।



### बाल विवाह रोकने को लेकर किया जागरूक

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बुधवार को गांव कोटली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को बाल विवाह रोकने को लेकर बनाए गए कानून बारे में जानकारी दी गई, वहीं ग्राम पंचायत के सदस्य, पंडितों व ग्रामीणों को भी बाल विवाह रोकने को लेकर जागरुक किया गया।इस दौरान बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने कहा कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीय है, जोकि विवाह के लिए बहुत शुभ दिन माना जाता है। इस दिन बाल विवाह होने की आशंका अधिक रहती है, जिसे रोकने के लिए सभी को प्रयत्न करना होगा।



**खबर संक्षेप**

## डांस व मॉडलिंग प्रतियोगिता 28 मई को

**सिरसा।** भारतीय टैलेंट हंट फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 28 मई को सिरसा के हिसार रोड स्थित पंजाब पैलेस में डांस और मॉडलिंग का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष आशीष बजाज और उपाध्यक्ष रमेश साहूवाला ने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ और राजस्थान से कलाकार भाग लेंगे।

## भूना में मायके आई विवाहिता लापता

**फतेहाबाद।** भूना के एक गांव में अपने मायके आई एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा एक युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाढोडी निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी विवाहिता लड़की करीब एक महीने से उसके पास आई हुई थी। गत दिवस वह पड़ोस में गई थी और बाद में पड़ोसियों को अपने घर जाने की बात कहकर चली गई लेकिन वह वापस घर नहीं पहुंची। इसके बाद उन्होंने आस पड़ोस में उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

## खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बैट्रियां चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने खंड शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद के कार्यालय में घुसकर वहां से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के क्लर्क रण सिंह ने कहा है कि 19 अप्रैल और 20 अप्रैल को कार्यालय में अवकाश था। इसके बाद जब वह दफ्तर में पहुंचा तो पाया कि दफ्तर से 8 बैटरियां चोरी हो गई थी।

## पपीहा पार्क के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी माजरा निवासी अभिमन्यु ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को मॉडल टाउन में पपीहा पार्क के बाहर खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

## विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला

**सिरसा।** जिला के गांव नाथूसरी कलां में एक विवाहिता से ससुरालजनों ने मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में शंकुतला ने बताया कि 18 अप्रैल को वह अपने मायके से भाई शिव शंकर, प्रेम कुमार निवासी राजपुरा साहनी तथा रमेश निवासी ढाका ढाणी जिला फतेहाबाद के साथ ससुराल आई, लेकिन ससुरालजनों ने गेट तक नहीं खोला। वह दीवार कूद कर घर के अंदर चली गई तो उसके ससुर ने उसके साथ मारपीट की।

### पुस्तकालय में पार्षदों ने विद्यार्थियों व पाठकों के साथ मनाया विश्व पुस्तक दिवस

# पुस्तकों से हमारे विचारों व कल्पनाओं को मिलती है नई उड़ान : मोहन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व पुस्तक दिवस पर जिला पुस्तकालय में पाठकों व विद्यार्थियों के साथ पार्षद मोहन लाल नारंग व मास्टर चंद्र भान वधवा ने अपने विचार सांझा किए। पार्षद मोहन लाल नारंग पुस्तकों के महत्व पर कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन का अविभाज्य हिस्सा बनी रहनी चाहिएं।

### एक अद्भुत संसार

पुस्तकों का संसार एक अद्भुत संसार है जो न केवल हमे ज्ञान देता है बल्कि भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं को भी नई रोशनी प्रदान करता है। आज के डिजिलाइजेशन के युग में भारत में पुस्तक संस्कृति का ग्राफ गिर रहा है और युवा आबादी की पढऩे आदत तेजी से कम हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी हो गया है पुस्तके पढऩे की आदत को पुर्नजीवित करें, सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुनर्जीवित करना, बुक क्लब का गठन करना व विद्यालयों व महाविद्यालयों में पुस्तकालय पीरियड को अनिवार्य किया जन चाहिए तथा पुस्तकों को उपहार रूप देना हमारी आदत में शुमार होना चाहिए। इससे जीवन में नई दिशा मिलती है।



फतेहाबाद। विश्व पुस्तक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पार्षद व विद्यार्थी।

### विचारों को दिशा दे रही

पार्षद नारंग व चंद्रभान वधवा ने कहा कि पुस्तके हमारे विचारों को दिशा देती हैं और नैतिकता को प्रेरित करती हैं तथा आत्म मंथन की प्रक्रिया को जिंदा बनाए रखती हैं। चर्चा में पूजा, कंचन, अजय कुमार, राज कुमार समय, पूनम, सुमन व प्रकाश ने भी हिस्सा लिया। पाठकों व विद्यार्थियों ने प्रशाशन से मांग की जिला मुख्यालय पर जल्द ही आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण करवाया जाए। गांवों से काफी बच्चे शहर फतेहाबाद में पढने आते हैं लेकिन यहां पुस्तकालय की उचित व्यवस्था नहीं है। एक पुस्तकालय पंचायत कार्यालय की पुरानी इमारत में चलता है । यहां पाठकों के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। पार्षदों ने भी विद्यार्थियों व पाठकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि जिला पुस्तकालय का निर्माण काफी समय से लंबित है। पिछले भी 12 वर्षों जिला प्रशाशन पुस्तकालय के लिए जगह निर्धारित नहीं कर पाया। नागरिक मंच व विद्यार्थियों ने कई बार पूर्व मुख्य मंत्री वी प्रशासनिक अधिकारियों से इस बाबत गुजर लगा चुके हैं। विद्यार्थियों व पार्षदों ने कहा युवाओं, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनमें पढने आदत डालने के लिए पुस्तकालय का जल्द से निर्माण करवाया जाना चाहिए और विद्यालयों में पुस्तकालय पीरियड सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पुस्तक दिवस पर वॉल मैगजीन प्रतियोगिता, सिमरनजीत प्रथम

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर वॉल मैगजीन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह आयोजन पुस्तकालय अध्यक्ष मंगत कंबोज द्वारा करवाया गया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने पहलगाम घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजली अर्पित की। वॉल मैगजीन प्रतियोगिता में अनेक विषयों को रखा गया। प्रतियोगिता में बीएड बीए बीएड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नारी सशक्तिकरण, नशा उन्मूलन, दहेज प्रथा, स्वच्छ भारत, कैशलेस सिस्टम आदि विषयों पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर अपने विचारों को प्रदर्शित किया। कालेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया और पोस्टरों के माध्यम से दिए गए संदेश पर विद्यार्थियों की सराहना की। इस प्रतियोगिता में सिमरनजीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं सुमन रानी द्वितीय तथा कुमकुम रानी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नरेंद्र कुमार व सुनीता ने निभाई। अंत में प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



फतेहाबाद। नागपुर डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

# डीएवी के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- विश्व अर्थ डे और विश्व पुस्तक दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव नागपुर स्थित डीएवी स्कूल में विश्व अर्थ डे और विश्व पुस्तक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पोस्टर बनाए

एक्टिविटी इंचार्ज फाल्गुनी भारद्वाज की देखरेख में विद्यार्थियों ने जहां पोस्टरों के माध्यम से पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया वहीं पुस्तकों की महत्ता को भी प्रदर्शित किया। विद्यालय की प्रिंसीपल रंजू मेहता ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमें अपनी धरती और पर्यावरण की रक्षा करनी है। आज जब प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है तो यह जरूरत है कि इन्हें रोकने के लिए कदम उठाए। एक जिम्मेवार नागरिक होने के नाते यह सबकी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों को जागरूक करें जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

पर्यावरण को बचाने के लिए न केवल हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए वहीं प्लास्टिक का उपयोग भी कम से कम करना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता व कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की।

# सांसद ने लिया फसलों के नुकसान का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने जिला के गांव सुचान, रूपाणा और लुदेसर में आग से हुए फसलों के नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित किसानों से बातचीत की। सैलजा ने कहा कि बरबाद हुई फसलों का जल्द से जल्द मुआवजा दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। साथ ही सांसद ने कहा कि जब किसानों ने ढीली बिजली की तारों को लेकर शिकायत की तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की, सरकार को इस मामले को भी गंभीरता से लेना चाहिए।

### सांसद सैलजा ने सीएम को पत्र लिखा



गांव रूपाणा के किसानों ने सांसद को बताया कि स्पार्किंग से ही फसलों में आग लगी थी, फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई पर गाड़ी खाली होते ही उसे भरने की समस्या पैदा हो गई क्योंकि लाइट बंद होने से टयूबवैल तक नहीं चल पाए ऐसे में लोगों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाई। इस मौके पर सांसद सैलजा ने कहा कि जिस किसान की आंखों के सामने ही उसकी फसल जलकर राख हो गई सरकार को उसका दर्द समझना चाहिए, सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती, अगर किसानों ने बिजली की ढीली तारों की शिकायत की थी तो उन्हें ठीक किया जाना चाहिए, बिजली निगम की लापरवाही के कारण ही आग लगने की घटनाएं हुई है। सैलजा ने किसानों को बताया कि आग से हुए नुकसान का 65 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है।

सांसद कुमारी सैलजा ने जिला के गांव सुचान, रूपाणा और लुदेसर को दौरा किया। उनके साथ वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, गोपीराम चाडीवाल, राजेश चाडीवाल, रामसिंह सोलंकी प्रधान नगर पालिका ऐलनाबाद, उर्मिल भारद्वाज, कृष्णा फोगाट, रणधीर सिंह चेयरमैन, लादूराम पूनिया, कर्ण चावला, सुरजीत सिंह भावदीन और आरसी लिंबा आदि मौजूद थे।

सैलजा ने पीड़ित किसानों से बातचीत की, सुचान में किसानों ने बताया कि बिजली की तारों में हुई स्पार्किंग से ही फसलों में आग लगी, एक किसान की तो लहसून की फसल जलकर राख हो गई जिसमें भूमि ठेके पर ली थी। किसानों ने कहा कि प्रशासन ने कोई मदद नहीं की, पूरे गांव ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया अगर थोडी देर हो जाती तो आग मकानों तक पहुंच जाती, प्रशासन की ओर से जो भी पहुंचे थे वे तो केवल मकान खाली कराने की जिद पर अड़े हुए थे।

# रोजगार मेले में 25 को मिली नौकरी

- इस मेले में कुल 54 युवाओं ने हिस्सा लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला रोजगार कार्यालय, फतेहाबाद द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 54 बेरोजगार प्रार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न निजी कंपनियों के समक्ष साक्षात्कार दिये। इस रोजगार मेले में मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस, अन्नपूर्णा स्मॉल फाइनेंस, शक्ति मोटर्स, पुखराज हेल्थकेयर, श्री राम पूनिया कोऑपरेटिव व एलआईसी जैसी



फतेहाबाद। रोजगार मेले में प्रार्थियों का पंजीकरण करते रोजगार विभाग के अधिकारी।

प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले के माध्यम से कुल 25 प्रार्थियों को विभिन्न पदों पर नौकरी के लिए चयनित किया गया है तथा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं।

# आस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने के नाम पर चार लाख रुपये ठगे

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने गांव दड़बी निवासी महेंद्र कुमार पुत्र शेरा राम की शिकायत पर पंजाब के अजीत सिंह नगर स्थित प्रबवीजा डॉट काम नामक ओवरसीज एजूकेशन एडमिशन कंस्लटेंसी के संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में महेंद्र कुमार ने बताया कि उसने अपनी बेटी के आस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा के लिए अजीत सिंह नगर में आरोपियों के कार्यालय में संपर्क किया। आरोपी ने उसे वीजा की तमाम प्रक्रिया बताई और विश्वास दिलाने के लिए एग्रीमेंट भी किया। बताया कि आस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा के 15 लाख रुपये लगेंगे। जिसमें से चार लाख पहले और 11 लाख रुपये वीजा आने के बाद देने होंगे। बताया गया कि यदि वीजा न लगा तो कुछ राशि काटकर बाकी पैसे वापस लौटा देगा।

उसने विश्वास करके 4 लाख रुपये आरोपी को चैक के माध्यम से अदा कर दिए। कुछ समय बाद बताया कि उसकी बेटी का स्टडी वीजा कैंसिल हो गया है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि क्यों हुआ? जब उसने पैसे का तकाजा किया तो टालमटोल करने लगा। बाद में उसने उसे चार पोस्ट डेटिड चैक डाक द्वारा भेजे। समय आने पर उसने इन चैक को अपने खाते में जमा करवाया। लेकिन बैंक द्वारा खाता बंद होने के आधार पर चैक बाऊंस कर दिए गए। जब उसने आरोपी से संपर्क साधा तो उसने धमकी देनी शुरू कर दी।

# पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया, मुकदमा दर्ज

- बनगांव नहर पुल के पास से युवक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को नाजायज पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई वेदपाल के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जग गांव बीघड़ से बनगांव की तरफ जा रही थी तो बनगांव नहर पुल के पास



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पिस्तौल सहित पकड़ा गया युवक।

सडक़ किनारे एक युवक पैदल आता नजर आया। उक्त युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया और वापस मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम प्रवीन उर्फ बच्ची पुत्र छबील दास निवासी ढाणी खैरपुर रोड, सदलपुर, जिला हिसार हाल नजदीक रेलवे फाटक, नरवाना बताया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 32 बोर बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना भट्टूकां में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# दुकान में जुआ खेलते 6 युवक गिरफ्तार, 1.37 लाख बरामद

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने फतेहाबाद की जाट धर्मशाला स्थित एक दुकान में छापेमारी कर 6 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 37 हजार 50 रुपये की जुआ राशि भी बरामद की है। बता दें कि इससे पूर्व भी जाट धर्मशाला में शाम ढलते ही संदिग्ध गतिविधियों की खबरें आती रही है।

थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई संजय कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान लाल बत्ती चौक पर पहुंची तो पुलिस को सूचना मिली कि जाट धर्मशाला में पहली मंजिल पर दुकान नं. 17 को विक्रम पुत्र रामनिवास निवासी बैजलपुर ने किराये पर ले रखा है और वह पैसे लेकर दुकान में जुआ खिलाता है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि दुकान में 6 लोग हाथों में ताश लिए जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर सभी 6 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम विक्रम पुत्र रामनिवास निवासी बैजलपुर, सोमबीर पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ढाणी माजरा, विकास पुत्र महेन्द्र निवासी ढाणी ईसर, धर्मपाल पुत्र कान्ही राम निवासी सिरढ़ान, मोनू उर्फ मोनी पुत्र जगदीश निवासी बैजलपुर व पवन कुमार पुत्र राय सिंह निवासी बोदीवाली बताया। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 37 हजार से ज्यादा की नकदी मिली।

**जन अभियान** ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन 25 को जिले में पहुंचेंगी

# साइक्लोथॉन में भागीदारी के लिए 50 हजार से अधिक नागरिकों का रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर 25 अप्रैल को साइक्लोथॉन 2.0 जिला फतेहाबाद की सीमा में प्रवेश करेगी और यह गांव ढाणी कंबोज, राजकीय महाविद्यालय भूना, जांडली खुर्द, झलनियां, ढाणी बिसला, बरसीन से होते हुए फतेहाबाद शहर में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन का जिला में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान यह साइक्लोथॉन जिलावासियों को नशे



फतेहाबाद। साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी अनुराग ढालिया।

के खिलाफ संदेश देगी। साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर एडीसी एवं साइक्लोथॉन 2.0 रैली के नोडल अधिकारी अनुराग ढालिया ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों व संस्थानों को दिशा निर्देश दिए।

### घर-घर तक पहुंचाया जा रहा संदेश

उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन 2.0 का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाडिय़ों और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रूट पर सुरक्षा सहित सभी व्यवस्था पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन के रूट पर जगह-जगह यात्रा के भव्य स्वागत की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर सरकार द्वारा निकाली जा रही साइक्लोथॉन में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 50 हजार से भी अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिलावासियों को आह्वान किया कि नशे के विरूद्घ चलाई जा रही इस मुहिम से जुडऩे व साइक्लोथॉन में भागीदारी के लिए आज ही हरियाणा उदय पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करें, ताकि नशा मुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर फैले। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा ढाणी कंबोज के बाद, राजकीय महाविद्यालय भूना, जांडली खुर्द में पेट्रोल पंप व अन्य जगह जाएगी।

# नगराधीश ने की तैयारियों की समीक्षा

- साइक्लोथॉन को लेकर सिरसा जिला प्रशासन तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में 26 व 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर नगराधीश यश मलिक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। नगराधीश ने बैठक में विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श करते हुए तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित यह साइकिल यात्रा आगामी 26 अप्रैल को सिरसा जिला में प्रवेश करेगी, जिसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसलिए सभी



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

विभाग तय समय में अपनी तैयारियां पूर्ण करें।

बैठक में नगराधीश ने साइक्लोथॉन के रुट पर यातायात व्यवस्था, विश्राम स्थलों पर सुविधाएं, एंबुलेंस सुविधा, पीने के पानी की व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड, डीआईपीआरओ रामनाथ, डीआईओ सिकंदर, ट्रैफिक मैनेजर सुधीर कुमार, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, बीडीपीओ अमन मित्तल, एसडीओ सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजदू रहे।